संख्या-1/3/96-का-4-2007

प्रेषक,

शंभुनाथ,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांकः 24 मई, 2007

विषयः- सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की वार्षिक स्थानान्तरण नीति।

महोदय,

जैसा कि आप सबको विदित है कि जन-आकांक्षाओं के सापेक्ष नई सरकार का गठन हो चुका है, जो कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित करते हुए, अपराधमुक्त, भयमुक्त, अन्यायमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त एवं विकासयुक्त शासन एवं प्रशासन सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है । वर्णित स्थिति में एक संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन के कम में अधिकारियों को इस प्रकार तैनात किया जाना अपेक्षित है, जो कि वर्तमान शासन की प्रतिबद्धताओं को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें जनहित में कार्यान्वित कर सकें । स्थानान्तरण करते समय यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि अच्छी छवि के योग्य अधिकारियों को ही महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पदों पर तैनात किया जाय । तदनुसार पूर्व में जारी सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानान्तरण नीति को अवक्रमित करते हुए, वर्ष-2007-2008 के लिए शासन द्वारा स्थानान्तरण नीति निम्नवत् निर्धारित की गयी हैः-

1. स्थानान्तरण निम्न नीति के अनुसार किये जांय :-

(क) प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यकतानुसार स्थानान्तरण किये जा सकेंगे।

(ख) प्रोन्नति, सेवा समाप्ति, सेवानिवृत्ति आदि स्थितियों में स्थानान्तरण किये जा सकेंगे।

(ग) किसी अधिकारी / कर्मचारी के व्यक्तिगत कारण, जैसे-चिकित्सा या बच्चों की शिक्षा इत्यादि के आधार पर, स्थान रिक्त होने अथवा दूसरे अधिकारी/कर्मचारी के सहमत होने पर स्थानान्तरण/समायोजन किया जा सकेगा बशर्ते उस पर कोई प्रशासनिक आपत्ति न हो।

(घ) यदि पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हों तो उन्हें यथासंभव एक ही जनपद/ नगर /स्थान पर तैनात करने हेतु स्थानान्तरण किया जा सकेगा।

(च) स्थानान्तरित कार्मिक को किसी भी स्थिति में तैनाती के पूर्व स्थान पर सम्बद्ध नहीं किया जायेगा ।

2. जिलों में समूह-'क' एवं 'ख' के जो अधिकारी अपनी सेवाकाल में कुल 06 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, को उक्त जिलों से स्थानान्तरित कर दिया जाय। इसी प्रकार समूह-'क' एवं 'ख' के जो अधिकारी मण्डल में 10 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, को उक्त मण्डलों से स्थानान्तरित कर दिया जाय।

3. विभागाध्यक्ष कार्यालयों में विभागाध्यक्ष को छोड़कर यदि अन्य अधिकारियों के समकक्ष पद मुख्यालय के बाहर विद्यमान हैं तो एक विभाग में 06 वर्ष लगातार कार्यरत रहने वाले अधिकारियों को उनके समकक्ष पदों पर मुख्यालय से बाहर स्थानान्तरित कर दिया जाय।

4. उत्तर प्रदेश सचिवालय में यह प्राविधान लागू नहीं होंगे।

5. प्रत्येक विभाग में उपर्युक्त प्रस्तर-1 के प्राविधानों के अनुसार स्थानान्तरित किये जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या के 10 प्रतिशत तक सीमित रखी जाय, किन्तु उपर्युक्त प्रस्तर-2 एवं 3 से आच्छादित होने वाले प्रकरणों में 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक स्थानान्तरण किये जा सकते हैं। यदि उक्त सीमा से अधिक स्थानान्तरण किये जाने की आवश्यकता हो तो समूह-'क' एवं 'ख' के लिए माननीय मुख्य मंत्री जी का एवं समूह-'ग' एवं 'घ' के लिए माननीय विभागीय मंत्री जी का पूर्वानुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।

6. आय-व्ययक में स्थानान्तरण यात्रा व्यय की मद में प्राविधानित धनराशि की सीमा के अन्तर्गत ही स्थानान्तरण किये जांय किन्तु अपरिहार्य कारणों से यदि प्राविधानित सीमा से अधिक धनराशि व्यय होती है तो माननीय विभागीय मंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त, वित्त विभाग की सहमति से पुनर्विनियोजन कराकर, आय-व्ययक में अतिरिक्त धनराशि का प्राविधान कराया जाय।

7. शासन स्तर, विभागाध्यक्ष स्तर, मण्डल स्तर एवं जिला स्तर के समस्त स्थानान्तरण दिनांक 30 जून, 2007 तक पूर्ण कर लिये जांय। दिनांक 30 जून, 2007 के उपरान्त कोई स्थानान्तरण नहीं किया जायेगा । अपरिहार्य परिस्थितियों में उक्त तिथि के उपरान्त स्थानान्तरण किये जाने हेतु निम्न प्राविधानों का पालन किया जायः-

(1) निम्न प्रस्तर-9(1) एवं 9(2) के संबंध में मा. विभागीय मंत्री जी के माध्यम से मा. मुख्य मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया जाय ।

(2) निम्न प्रस्तर-9(3) के संबंध में मा. विभागीय मंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त किया जाय ।

(3) समूह 'ग' एवं 'घ' के कार्मिकों के संबंध में स्थानान्तरण हेतु प्राधिकृत अधिकारी से एक स्तर उच्च अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त किया जाय ।

8. यदि किसी विभाग द्वारा विभाग की विशिष्ट आवश्यकताओं के संदर्भ में स्थानान्तरण नीति में कोई परिवर्तन अपेक्षित हो तो समय से माननीय विभागीय मंत्री जी के माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी का पूर्वानुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।

9. अन्य मार्गदर्शक सिद्धान्त :-

(1) समस्त विभागों के संयुक्त निदेशक एवं उससे उच्च स्तर के अधिकारियों के स्थानान्तरण माननीय विभागीय मंत्री जी के अनुमोदन से किये जायेंगे ।

(2) संयुक्त निदेशक से निम्न समूह 'क' के अधिकारियों की तैनाती व स्थानान्तरण विभागीय प्रमुख सचिव अथवा सचिव द्वारा किये जायेंगे ।

(3) समूह 'ख' के अधिकारियों की तैनाती एवं स्थानान्तरण विभागाध्यक्ष स्तर से किये जायेंगे तथा उससे निम्न स्तर के अधिकारियों /कर्मचारियों के स्थानान्तरण कार्यालयाध्यक्ष द्वारा किये जायेंगे ।

(4) संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले कार्मिकों की तैनाती संवेदनशील पदों पर कदापि न की जाय।

(5) मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों के माता-पिता की तैनाती, अधिकृत सरकारी डाक्टर के प्रमाण पत्र के आधार पर, विकल्प प्राप्त करके, ऐसे स्थान पर की जाय, जहां चिकित्सा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो।

(6) समूह-'क' के अधिकारियों को उनके गृह मण्डल में तैनात नहीं किया जायेगा।

(7) समूह-'ख' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जायेगा। प्रतिबंध यह है कि उक्त प्राविधान केवल जनपद स्तरीय विभागों /कार्यालयों में लागू होंगे।

(8) विकलांग कार्मिकों अथवा ऐसे कार्मिक , जिनके आश्रित परिवारीजन विकलांगता से प्रभावित हों, को सामान्य स्थानान्तरण से मुक्त रखा जाय। ऐसे विकलांग कार्मिकों के स्थानान्तरण गम्भीर शिकायतों अथवा अपरिहार्य कारणों से ही किये जांय। विकलांग कार्मिक के द्वारा अनुरोध किये जाने पर, पद की उपलब्धता के आधार पर उसे उसके गृह जनपद में तैनात करने पर विचार किया जा सकता है।

(9) समूह-'क' एवं 'ख' के ऐसे अधिकारी जिनके द्वारा एम.जी.ओ.के प्रस्तर-31 के प्राविधानानुसार अपने गृह जनपद में परिवर्तन करा लिया है, को परिवर्तन से पूर्व के गृह जनपद तथा परिवर्तन के उपरान्त के गृह जनपद में तैनात नहीं किया जायेगा।

(10) तृतीय श्रेणी के कार्मिकों का प्रत्येक 03 वर्ष के उपरान्त, पटल परिवर्तन कर दिया जाय।

(11) समूह-'ग' के 02 वर्ष के अन्दर सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को उनके गृह जनपद अथवा इच्छित जनपद में तैनात करने पर विचार किया जाय बशर्ते कि उनके विरूद्ध कोई अन्यथा तथ्य विद्यमान न हो।

10. स्थानान्तरित कार्मिकों को अवमुक्त किया जाना :-

(1) स्थानान्तरण आदेशों में कार्मिकों को अवमुक्त करने की तिथि के संबंध में यह निर्देश अंकित किये जाने चाहिए कि वे आदेश जारी किये जाने के दिनांक से अमुक तिथि/ एक सप्ताह के अन्दर प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किये बिना नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण कर लें और संबंधित प्राधिकारी स्थानान्तरित कार्मिकों को तदानुसार तत्काल अवमुक्त कर दें। स्थानान्तरित कार्मिकों को निर्धारित समय में कार्यमुक्त न किया जाना अनुशासनहीनता मानी जायेगी और जो अधिकारी स्थानान्तरण आदेशों का पालन न करते हुए, संबंधित कार्मिक को कार्यमुक्त नहीं करेंगे, के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

(2) स्थानान्तरित कार्मिकों के द्वारा तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाय।

(3) बुन्देलखण्ड क्षेत्र में तैनात कार्मिकों को उनके नियंत्रक प्राधिकारियों द्वारा तब तक अवमुक्त न किया जाय जब तक कि उनके प्रतिस्थानी द्वारा कार्यभार ग्रहण न कर लिया जाय। यह प्रतिबंध आई.ए.एस./आई.पी.एस./पी.सी.एस.एवं पी.पी.एस. अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।

11. सरकारी कर्मचारियों के मान्यता प्राप्त सेवा संघों के पदाधिकारियों के स्थानान्तरणः-

(1) सरकारी सेवकों के मान्यता प्राप्त सेवा संघों के अध्यक्ष एवं सचिव, जिनमें जिला शाखाओं के अध्यक्ष एवं सचिव भी सम्मिलित हैं, के स्थानान्तरण, उनके द्वारा संगठन में पदधारित करने की तिथि से 02 वर्ष तक न किये जांय। यदि स्थानान्तरण किया जाना अपरिहार्य हो, तो स्थानान्तरण हेतु प्राधिकृत अधिकारियों से

एक स्तर उच्च अधिकारी का पूर्वानुमोदन प्राप्त किया जाय। जिला शाखाओं के पदाधिकारियों के स्थानान्तरणों पर जिलाधिकारी की पूर्वानुमति प्राप्त की जाय।

12. स्थानान्तरण रोकने के प्रत्यावेदन एवं सिफारिश :-

स्थानान्तरित कार्मिकों के स्थानान्तरण रोकने संबंधी प्रत्यावेदनों को अग्रसारित न किया जाय। यदि कोई सरकारी सेवक ऐसे आदेशों के विरूद्ध दबाव डलवाने का प्रयास करे तो उसके इस कृत्य/आचरण को 'सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956' के नियम-27 का उल्लंघन मानते हुए, उसके विरूद्ध 'उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक(अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999' के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए, निलम्बन के संबंध में भी विचार किया जाय। निर्धारित अवधि में कार्यभार न छोड़ने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के वेतन का भुगतान न किया जाय तथा उसकी सूचना संबंधित कोषाधिकारी को दे दी जाय।

13. चार्ज नोट :-

नवीन स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त, संबंधित अधिकारी को कार्य की जानकारी होने में किंचित समय लगना स्वाभाविक है अतः स्थानान्तरित अधिकारी को चाहिए कि वे महत्वपूर्ण प्रकरणों /विकास कार्यक्रमों / परियोजनाओं आदि के संबंध में एक चार्ज नोट बना दें ताकि नये अधिकारी को कार्य सम्पादित करने में सुविधा हो।

14. जनहित में माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा कभी भी किसी भी कार्मिक को स्थानान्तरित किये जाने के आदेश दिये जा सकेंगे।

15. यह स्थानान्तरण नीति, जब तक शासन द्वारा विखण्डित न कर दी जाय, यथावत् लागू रहेगी। इस नीति में विचलन, कार्मिक विभाग के परामर्श के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेश प्राप्त कर, किया जा सकेगा।

भवदीय,

(शंभुनाथ)
मुख्य सचिव ।

संख्या-1/3/96(1)-का-4-2007, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल जी।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्य मंत्री जी।
3. निजी सचिव, माननीय मंत्रीगण।
4. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव।
5. प्रमुख सचिव, विधान परिषद/ विधान सभा, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त विभागाध्यक्ष/ प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9. सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

24/5/07

(जे.एस.दीपक)
सचिव ।